e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
सं०सं०–03 / भू०अ०नि० (04) वि० सर्वे०– 02 / 2022......3051......

प्रेषक,

जय सिंह, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी,
किशनगंज
बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद /
अररिया / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / मधेपुरा /
प० चम्पारण / जमुई / मुंगेर / नालंदा / शिवहर / बांका।
अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त
सहरसा एवं कटिहार।

पटना, दिनांक :– 21/10/2022

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत द्वितीय चरण के लिए चयनित अंचलों में त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में स्पष्ट करना है कि उच्चस्तरीय निर्णय के आलोक में राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य वर्ष–2024 तक पूरा किया जाना है एवं वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रथम चरण कार्य को मार्च–2023 तक तथा द्वितीय चरण के कार्य को वर्ष–2023 में ही समाप्त किया जाना है। इस आलोक में आवश्यक है कि द्वितीय चरण के राजस्व ग्रामों के त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। वर्त्तमान में प्रथम चरण के प्रगति से स्पष्ट है कि प्रथम चरण के लगभग सभी ग्रामों में ग्राम–सीमा का सत्यापन पूर्ण कर 4000 से अधिक राजस्व ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। स्पष्ट है कि अधिकांश ग्रामों में किस्तवार का कार्य पूर्ण होने के पश्चात् प्रथम चरण में ई०टी०एस० मशीनों की आवश्यकता बहुत कम है एवं वर्त्तमान में प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार आपके जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के स्तर से उपलब्ध ई०टी०एस० एवं कर्मियों की संख्या निम्नवत् है:–

क्र० सं०	हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम	जिला का नाम	जिला स्तर पर उपलब्ध ई०टी०एस० की संख्या	जिला स्तर पर उपलब्ध हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कर्मियों की संख्या
1	IEISL (L& FS)	नालंदा	9	15
2		मुंगेर	7	4
3	GISC	सहरसा	3	11
4		सुपौल	3	13
5		बांका	4	13
6		जमुई	3	10
7		पश्चिमी चम्पारण	2	9
8	IIC	मधेपुरा	2	10
9		अररिया	8	19
10		किशनगंज	8	21
11		पूर्णियाँ	7	16
12		कटिहार	7	18
13		बेगूसराय	10	16
14		खगड़िया	7	16
15		लखीसराय	8	19
16		शिवहर	7	16
17		सीतामढ़ी	7	17
18		जहानाबाद	7	16

उक्त प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS) एवं IIC के पास कम–से–कम 7 या उससे अधिक ई0टी0एस0 मशीन एवं उसके अनुरूप कर्मी उपलब्ध है, जबकि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, GISC के पास पश्चिमी चम्पारण एवं मधेपुरा में 2–2 तथा शेष जिलों में 3 या उससे अधिक ई0टी0एस0 मशीन एवं कर्मी उपलब्ध है।

अतः उक्त के आलोक में द्वितीय चरण के राजस्व ग्रामों में त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य करने के लिए प्रथम चरण के कार्यों के अनुरूप उपलब्ध अमीनों के अनुसार कम–से–कम जिला में उपलब्ध प्रत्येक ई0टी0एस0 मशीन के साथ दल का गठन किया जाए एवं प्रत्येक दल को अलग–अलग अंचल आवंटित करते हुए, कार्यबद्ध योजना के अनुसार त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य पूर्ण कराया जाए। गठित किए जाने वाले दलों के लिए अमीनों का चयन करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर वैसे ही अमीनों का चयन किया जाए, जिनके द्वारा प्रथम चरण में त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन के कार्य में बेहतर कार्य किया गया हो एवं त्रिसीमाना को चिन्हित करने में मुख्य भूमिका अदा की गई हो। यह भी आवश्यक है कि जिन अमीनों द्वारा किस्तवार का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं खानापुरी का कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है, उन्हें ही इस कार्य में संलग्न किया जाए। इस कार्य हेतु हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को स्पष्ट कार्य योजना उपलब्ध कराई जाए ताकि उनके द्वारा कार्य–योजना के अनुसार कर्मी एवं ई0टी0एस0 की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि द्वितीय चरण के अंचलों के राजस्व ग्रामों के त्रिसीमाना एवं ग्राम–सीमा सत्यापन का कार्य तीन माह के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 21/10/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02/2022 3051 **पटना, दिनांक** 26/10/2022

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/अररिया/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/मधेपुरा/पश्चिम चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02/2022 3051 **पटना, दिनांक** 26/10/2022

प्रतिलिपिः– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (L& FS), GISC एवं IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02/2022 3051 **पटना, दिनांक** 26/10/2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक/सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (04) वि0 सर्वे0–02/2022 3051 **पटना, दिनांक** 26/10/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 21/10/22
भू–अभिलेख एवं परिमाप